# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)**

**वेबसाइट– http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771–2512580**


क्रमांक–4051/छगसं./प्रकाशन/2024 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 07/02/2024

## निविदा संशोधन सूचना

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा क्रिएटिव एवं बहुआयामी कार्यों में दक्ष एकीकृत एजेन्सी की सेवा लेने हेतु आमंत्रित निविदा सूचना क्र.3437 दिनांक 17.01.2024 के नियम शर्तों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

| क्र. | संशोधन पूर्व नियम शर्तें एवं कार्य | संशोधन पश्चात् नियम शर्तें एवं कार्य |
|---|---|---|
| 1 | **बिन्दु क्र. 3.1 में उल्लेखित नियम शर्तें :–** छत्तीसगढ़ राज्य के जीएसटी विभाग में निविदाकर्ता फर्म का जीएसटी पंजीयन की प्रति। | छत्तीसगढ़ राज्य के जीएसटी विभाग में निविदाकर्ता फर्म का जीएसटी पंजीयन की प्रति। जीएसटी पंजीयन की ARN मान्य होगा। परंतु छत्तीसगढ़ राज्य के जीएसटी पंजीयन के प्रति उपलब्ध कराने के पश्चात् ही संबंधित फर्म से अनुबंध निष्पादन किया जाएगा। |
| 2 | **बिन्दु क्र. 4.10 में उल्लेखित नियम शर्तें :–** छत्तीसगढ़ संवाद से किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। जनसंपर्क विभाग से छत्तीसगढ़ संवाद को भुगतान प्राप्त होने के पश्चात् संबंधित फर्म के देयकों का भुगतान किया जायेगा। | छत्तीसगढ़ संवाद से किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। संबंधित विभाग से छत्तीसगढ़ संवाद को भुगतान प्राप्त होने के पश्चात् संबंधित फर्म के देयकों का भुगतान किया जायेगा। कार्य/सेवा संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में संबंधित माह के देयक राशि में 2 प्रतिशत पेनाल्टी कटौती की जायेगी। |
| 3 | **बिन्दु क्र. 4.2 में उल्लेखित नियम शर्तें :–** यह निविदा दर लागू होने की तिथि से आगामी दो वर्ष के लिए लागू रहेगी। कार्य संतोष जनक पाए जाने पर अनुबंध अवधि में अनुबंधित शर्त एवं दर पर नवीन निविदा अनुमोदन तक अथवा अधिकतम एक वर्ष वृद्धि का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा। | यह निविदा दर लागू होने की तिथि से आगामी एक वर्ष के लिए लागू रहेगी। कार्य संतोष जनक पाए जाने पर अनुबंध अवधि में अनुबंधित शर्त एवं दर पर नवीन निविदा अनुमोदन तक अथवा अधिकतम दो वर्ष वृद्धि का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा। |

शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ संवाद**
**नवा रायपुर अटल नगर(छ.ग.)**